SINDHU
www.sindhuchaupal.com
CHAUPAL
हर खबर आप तक

Thursday 15th February 2024 | जयप्रकाश बूलचंदानी 9649457589 | website: www.sindhuchaupal.com

# सारस्वत परिवार के द्वारा मानसरोवर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

जयप्रकाश बूलचंदानी 9649457589 |



सामुदायिक केंद्र सेक्टर 12 मानसरोवर जयपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 5 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक किया गया। कथा आयोजक मथुरा का सारस्वत परिवार था। व्यास पीठ पर विराजमान थे श्री रामदास रामायण जी। स्थानीय निवासियों ने कथा का ध्यान पूर्वक श्रवण किया। इस दौरान श्री जोगेश्वर गर्ग मुख्य सरकारी सचेतक, राजस्थान सरकार, श्री बाल मुकुंद आचार्य विधायक हवा महल तथा श्री राधे श्याम उपाध्याय विशेषाधिकारी, मुख्य मंत्री, भी कथा श्रवण हेतु पधारे। सारस्वत परिवार के जिन सदस्यों ने 7 दिन तक कथा का श्रवण किया उनमें श्रीमती निर्मला सारस्वत, श्याम सुंदर सारस्वत, राम ज्योति ओझा, तेजपाल, मनोज, मंजू लता, डॉ कृष्णा, कालीचरण ,अखिलेश, चित्रा शर्मा, तरुण ओझा, तुषार सारस्वत डॉ शेफाली एवं कामया सारस्वत प्रमुख हैं। दिल्ली से कथा श्रवण हेतु महेश चंद्र सारस्वत राजीव सारस्वत, टीवी कलाकार चेतना एस जोशी, सी ए करण जोशी ममता शर्मा मयंक हाथी आदि ने भी कथा श्रवण में भाग लिया। कथा के सातवें दिन भंडारे में लगभग 500 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा में सभी के लिए सुख शांति एवं कल्याण की कामना की गई ।









